तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024

13 आपसी सहयोग से समारोह की तैयारियों को पूरा करें: एसडीएम


14 आंधी के साथ बूंदाबांदी: गर्मी में राहत, बिजली की आंख-मिचौली


## खबर संक्षेप

### कल दो गांवों में लगेंगे रक्तदान शिविर

**गोहाना।** शनिवार को क्षेत्र के दो गांवों में रक्तदान शिविर लगेंगे। रिंढ़ाणा गांव में शिविर ब्राह्मण चौपाल तो खंदराई गांव में गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में लगेगा। दोनों शिविर प्रातः 9 बजे प्रारंभ होंगे तथा दोपहर बाद 2 बजे तक जारी रहेंगे। रिंढ़ाणा गांव के रक्तदान शिविर की अध्यक्षता सरपंच चांद नरवाल करेंगे तथा संयोजन विष्णु शर्मा के साथ पवन शर्मा करेंगे। खंदराई गांव में रक्तदान शिविर ग्राम पंचायत लगाएगी। साथ में भंडारा भी होगा। मुख्य अतिथि गांव के सरपंच ठेकेदार जय सिंह होंगे। सानिध्य पूर्व सरपंच भगत सिंह और नंबरदार राज सिंह का होगा। संयोजन अमित सहरावत, जय किशन और राजा करेंगे।

### अवैध हथियार समेत आरोपी काबू, जेल भेजा

**सोनीपत।** सीआईए-1 सोनीपत टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ छंगा निवासी इंडियन कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मुख्य सिपाही नवीन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान तिरंगा चौक महलाना रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार सहित आने वाला है। टीम ने कार्रवाही करते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध दो देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी अमित की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### फैक्टरी में चोरी के चार आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने फैक्टरी से चोरी करने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आदित्य, बिट्टू, मितु व दीपक निवासी मुजफ्फरपुर बिहार के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### विवाहिता ने पति पर दर्ज कराया अभद्रता का केस


**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र की विवाहिता ने चंडीगढ़ पुलिस में नियुक्त पति के खिलाफ अभद्रता करने का मुकदमा दर्ज कराया है। विवाद के बाद अपने मायके रह रही पत्नी का आरोप है कि उनके मोबाइल पर गालियां दी और मानसिक रूप से परेशान किया। सिपाही पर पहले भी दहेज प्रताड़ना व आपराधिक यौनाचार का मुकदमा दर्ज है। विवाहिता ने बताया कि उनकी शादी झज्जर के गांव में हुई थी। उसका पति चंडीगढ़ पुलिस में बतौर सिपाही तैनात है। शादी के बाद वह अपने पति, अपनी सास, ससुर के साथ चंडीगढ़ में रहने के लिए गई थी। पति नशे का आदी है।

करनाल निवासी सुनील के साथ हुई मंगनी

# भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी नेहा गोयल की हुई सगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी व ओलंपियन नेहा गोयल ने अपने जीवनसाथी का चुनाव कर लिया है। जीटी रोड स्थित एक होटल में वीरवार को साधारण से कार्यक्रम में नेहा गोयल की करनाल के रहने वाले सुनील के साथ सगाई हुई। कार्यक्रम में केवल पारिवारिक लोग एवं कुछ अन्य नजदीकी लोगों को ही आमंत्रित किया गया था। बता दें कि एशियाई खेलों की सिल्वर पदक विजेता नेहा गोयल के जीवन साथी सुनील भी हॉकी खिलाड़ी हैं और खेल कोटे से ऑडिट विभाग में कार्यरत हैं। जल्द ही वे दोनों शादी के बंधन में बंधेंगे। नेहा ने 11 साल की उम्र में उधार की हॉकी पकड़ने वाली नेहा गोयल ने भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच के सानिध्य में ऐसा खेल सीखा कि 2014 में केवल 18 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम का हिस्सा बन गई। एफआईएच चैंपियंस चैलेंज के तहत ग्लासगो में पहला मैच खेलने वाली नेहा ने फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा। लंदन में 2018 के विश्व कप में भी वह भारतीय टीम का हिस्सा थी। अपने शुरूआती मैच में इंग्लैंड के



**सोनीपत।** सगाई समारोह में नेहा गोयल साथ में सुनील एवं परिवार के अन्य लोग।

खिलाफ गोल कर भारत को बढ़त दिलाई थी। इसके अलावा 2018 के एशियाई खेलों में रजत, 2022 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक, 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक, 2017 के एशिया कप में स्वर्ण, 2022 के एशिया कप में कांस्य पदक जीत चुकी है। जूनियर में जीते पदक नेहा ने हॉकी में इतनी तेजी से मुकाम हासिल किया कि उसने 14 साल की उम्र में जूनियर नेशनल खेलने के बाद 2011 में जूनियर एशिया कप खेला और उसमें देश को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उसी साल खेले गए अंडर-21 अंतर्राष्ट्रीय लाल बहादुर शास्त्री कप में भी नेहा गोयल को जगह मिली और उसमें न्यूजीलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराकर देश को चैंपियन बनाया। इसमें नेहा को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड भी मिला। वर्ष-2016 में हुए साउथ एशियन गेम्स में देश को चैंपियन बनाने में भी उसका अहम योगदान रहा। नेहा फारवर्ड पॉजिशन पर खेलती हैं और वह सीनियर टेस्ट मैच, चैंपियन कप समेत अन्य चैंपियनशिप में भी देश के लिए खेल चुकी हैं। इस समय भी वह रेलवे की ओर से खेलती हैं, क्योंकि रेलवे ने खेल कोटे से नौकरी दी।

### 15 साल पहले पिता छोड़ गए थे घर

वेस्ट रामनगर में रहने वाली सावित्री देवी के पति लगभग 15 साल पहले घर छोड़कर चले गए थे। उसके बाद घर की पूरी जिम्मेदारी सावित्री के सिर पर आ गई और वह किसी तरह मजदूरी करके अपना व तीन बेटियों का पेट भरने लगीं। सावित्री की छोटी बेटी नेहा गोयल ने 9 साल की उम्र में घर के पास ही चलने वाली हॉकी एकेडमी में लड़कियों को खेलता देखकर खुद भी खेलने की इच्छा जताई, लेकिन किसी तरह परिवार चला रही सावित्री देवी के लिए बेटी को प्रैक्टिस कराने के साथ ही किट व अन्य सामान दिलाने के लिए फूटी कौड़ी तक नहीं थी। इसके बावजूद सावित्री देवी ने बेटी को हॉकी खेलने भेजना शुरू किया और खुद दो-दो फैक्ट्रियों में नौकरी की।

## शिविर में 70 प्रतिशत शिकायतें पेंडिंग, 30 फीसदी का ऑन द स्पॉट समाधान

# शिविर लगाए 8, शिकायतें मिली 664, समाधान केवल 190 का

■ जिला प्रशासन रोजाना आयोजित कर रहा समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

चुनावी साल में लोगों की हर प्रकार की परेशानी दूर करने की प्रदेश सरकार की कवायद कुछ खास असर नहीं दिखा पा रही। लोगों को समाधान देने के नाम पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर केवल मात्र अधिकारियों का जमावड़ा बन कर रह गए हैं। आलम ये है कि लगातार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में समाधान होने वाली शिकायतों का कुल आंकड़ा 30 प्रतिशत के आसपास ही पहुंचा है। जबकि 70 प्रतिशत के करीब शिकायतें अभी तक पेंडिंग की लिस्ट में हैं। आंकड़ों पर गौर किया जाए तो सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड को लेकर ही सामने आ रही हैं और सबसे अधिक पेंडिंसी भी इन्हीं शिकायतों की है।

बता दें कि प्रदेश सरकार के निर्देशों के आधार पर 10 जून से जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए



**सोनीपत।** शिविर में पहुंचे लोग अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए।

समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर जिला स्तर पर लघु सचिवालय में तो खंड स्तर पर खरखौदा, गोहाना और गन्नौर के लघु सचिवालय में आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय समाधान शिविर का निर्देशन उपायुक्त करते हैं, वहीं खंड स्तर पर संबंधित एसडीएम शिविर की अध्यक्षता करते हैं। जिसमें लोग परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड की समस्याओं के अलावा पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। इन समाधान शिविर में रोजाना तरकीबन 100 शिकायतें पहुंच रही हैं। शिविर में ऑन द स्पॉट समाधान करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि ऑन द स्पॉट केवल 30 प्रतिशत शिकायतों का ही समाधान हो रहा है। 70 प्रतिशत शिकायतें लंबित रखी हुई हैं।

जिले में 10 जून से अब तक कुल 8 समाधान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन 8 समाधान शिविर में अब तक कुल 664 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से केवल 190 का समाधान ही संभव हो पाया है। 474 शिकायतें अभी लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं। शुरुआती चरण में पहले दो दिन काफी कम संख्या में शिकायतें आई थी, उसके बाद से लगातार अच्छी-खासी शिकायतें पहुंच रही हैं।

### वीरवार को आई 107 शिकायतें

वीरवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार द्वारा की गई। इस दौरान जिला के तमाम अधिकारी शिविर में मौजूद रहे और समस्याओं के मौके पर जिन समस्याओं का समाधान हो सकता था उनका त्वरित समाधान किया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने निगम क्षेत्र से संबंधित सुनी और उनका जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार डीसीपी नरेन्द्र सिंह ने पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान करने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। गुरूवार को आयोजित शिविर में 107 शिकायतें आई। इस मौके पर एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री तथा सीएमओ डॉ. जयकिशोर सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ऐसे किया शिकायतों का बंटवारा

| शिकायतों का प्रकार | शिकायतें | समाधान | लंबित |
|---|---|---|---|
| प्रोपर्टी आईडी | 3 | 1 | 2 |
| पीपीपी/आधार कार्ड | 40 | 19 | 21 |
| रजिस्ट्री/इंतकाल | 5 | 0 | 5 |
| विकास | 5 | 0 | 5 |
| पेंशन | 14 | 10 | 4 |
| अपराध | 7 | 0 | 7 |
| जनस्वास्थ्य विभाग | 3 | 0 | 3 |
| स्वास्थ्य विभाग | 2 | 0 | 2 |
| जनकल्याण योजनाएं | 2 | 0 | 2 |
| वाहन पंजीकरण | 4 | 0 | 4 |
| नगर निगम | 12 | 0 | 12 |
| एचएसवीपी | 2 | 0 | 2 |
| कुल | 107 | 30 | 77 |

नोट : ये सभी शिकायतें लंबित की श्रेणी में हैं।

# नंबरदार की हत्या की आरोपित महिला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ आरोपी को कोर्ट में पेशकर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

मोहाना थाना पुलिस ने गली के निर्माण को लेकर हुई कहासुनी में नंबरदार की पीट-पीटकर हत्या करने की वारदात में शामिल महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शीला निवासी नैनातातपुर की है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल नाबालिग सहित दो महिलाओं व तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था।

गांव नैना तातारपुर निवासी अजमेर ने 2 जून को शिकायत देकर बताया कि उसके गांव में पंचायत की तरफ से गली का निर्माण किया जा रहा है। 31 मई को उसके बड़े भाई सुभाष (40) के साथ गली निर्माण को लेकर पड़ोसी ईश्वर ने झगड़ा कर दिया था। जिसमें उसी दिन आपस में राजीनामा भी हो गया था। जिससे उन्होंने इस बात को भूला दिया। 1 जून को रात करीब 10 बजे उनके भाई सुभाष खाना खाकर गली में घूमने के लिए निकले था। इसी दौरान एक दिन पहले हुए झगड़े की रंजिश में गांव के ईश्वर, उसके बेटे हिमांशु व हन्नी, पत्नी नीलम, भाई संजय व संजय की पत्नी बेबी, ईश्वर के दूसरे भाई बंटी और उसकी छोटी बहन ने उनके भाई पर हमला कर दिया। आरोपितों ने उनके भाई सुभाष पर लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला किया। इतना ही नहीं वह उनके भाई को गली से घसीटकर अपने घर के अंदर ले गए। हमले का पता लगते ही अजमेर अपने भतीजे गौरव को साथ लेकर भाई सुभाष को छुड़वाने के लिए ईश्वर के घर में गए। उन्होंने देखा कि सुभाष जमीन पर पड़ा था और सभी उन्हें पीट रहे थे। जब वह सुभाष को छुड़वाने लगे तो आरोपितों ने गौरव के सिर व मुंह पर चोट मारी। जिससे वह भी घायल हो गए। उन्होंने इस पर शोर मचा दिया। उनका शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके बाद सुभाष व गौरव को उनके चंगुल से बचाकर वह अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्हें मारने की धमकी दी गई। उन्होंने दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उनके भाई सुभाष को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। मोहाना थाना पुलिस ने आठों आरोपितों के खिलाफ हत्या, मारपीट, धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने छह आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि वारदात में शामिल आरोपित महिला को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# योग दिवस कार्यक्रम आज

■ विधायक निर्मल चौधरी होंगी कार्यक्रम में मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी मुख्यातिथि होंगी। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सुबह 06 बजे जिला पुलिस लाईन में किया जाएगा। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत गन्नौर में एडीसी अंकिता चौधरी, गोहाना में एसडीएम विवेक आर्य, कथूरा में ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक तथा खरखौदा में जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया मुख्यातिथि होंगी। मुण्डलाना ब्लॉक में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में जिला परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, मुरथल में ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन आशा रानी तथा राई ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

# जन कल्याण के लिए धूनों में तप रहे बाबा अजयनाथ महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ 2 जून से शुरू हुई तपस्या 22 जून तक चलेगी

ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी में जहां समाज के ज्यादातर लोग घरों में रहकर गर्मी से राहत पाने की जद्दोजहद कर रहे हैं, वहीं कुछ तपस्वी अत्यंत गर्मी होने के बावजूद भी धूनों में तप कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिल रहा है सोनीपत जिले के गांव कवाली में, जहां बाबा अजय नाथ महाराज लोक कल्याण को ध्यान में रखते हुए उपलों के 21 धूनों के बीच बैठकर कठोर तपस्या कर रहे हैं। तपस्वी बाबा अजय नाथ ने बताया कि उनकी यह तपस्या 2 जून से शुरू हुई है, जो 22 जून तक चलेगी। 22 जून को दिन शनिवार, गांव कवाली में (कवाली-तुर्कपुर रोड पर तपस्या स्थान) सुबह 10 बजे भंडारे और हवन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने आएंगे। 21 दिनों की इस तपस्या में युवाओं को सत्य और श्रद्धा का पाठ पढ़ा रहे सतपाल महाराज और सोनू बाबा ने बताया कि बाबा अजय नाथ महाराज इससे पहले भी समाज कल्याण के लिए धूने लगा चुके हैं। इस धूने में शाम के समय रोट (परात जितनी बड़ी एक रोटी का चूरमा) का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण जिनमें विशेष रूप से बच्चों की संख्या अधिक रहती है इकट्ठा होते हैं और गुरु गोरखनाथ, दादा झंडू महाराज, बाबा अजय नाथ महाराज के जयकारे लगाते हैं। इस धूने में सेवा कर रहे मोहित, आशु, दिनेश, भारत, सन्नी, सोमबीर, महाबीर, देवेंद्र, अजय, राजरूप, सतबीर, सुलदीप, लोकेश आदि सेवा कर रहे हैं।



सोनीपत। धूनों के बीच तपस्या में लीन बाबा अजय नाथ महाराज। फोटो : हरिभूमि

## सोनीपत आईटीआई की 35 ट्रेड्स में 988 सीटों के लिए अब तक मिले 2957 आवेदन

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

■ डीक्रस्ट मुरथल में दाखिले के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

आईटीआई में चल रही दाखिला प्रक्रिया आज समाप्त हो जाएगी। शुक्रवार को आवेदन प्रक्रिया का अंतिम दिन रहेगा। हालांकि आईटीआई में अच्छी खासी संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उदाहरण के लिये सोनीपत आईटीआई में अब तक 35 ट्रेड्स की 988 सीटों के लिये 2957 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अभी शुक्रवार को आवेदन प्रक्रिया का अंतिम दिन बाकि है, ऐसे में आवेदनों की संख्या में और इजाफा होना लाजिमी है।

दूसरी ओर दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में विद्यार्थियों के लिये आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। इसके अलावा महाविद्यालयों में जारी दाखिला प्रक्रिया के तहत 25 जून तक आवेदन करने का अंतिम दिन है। बता दें कि जिले की 13 राजकीय आईटीआई में करीब 3900 सीटों के लिए 07 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसकी अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित है। पिछले कुछ दिनों को छोड़ दें तो आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत से ही आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम ही रही है। यही कारण है कि सोनीपत जिला आवेदन करने के मामले में प्रदेश की टॉप टेन सूची में भी शामिल नहीं है। हालांकि दाखिले के लिए आवेदन करने का शुक्रवार को अंतिम दिन रहेगा। ऐसे में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने के कयास लगाए जा रहे हैं। संस्थान प्रबंधन की मानें तो विद्यार्थियों को आवेदन करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए पहले से उचित व्यवस्था की गई है।

### कई ट्रेड में सीटों से कम मिले आवेदन

आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुक्रवार को अंतिम दिन रहेगा। अभी तक आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने के बारे में कोई निर्देश नहीं मिले हैं। अब तक प्राप्त आवेदनों में कुछ ट्रेड्स ऐसी हैं, जिनमें निर्धारित सीटों से कम आवेदन मिले हैं। आईटीआई में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी अंतिम तिथि को आवेदन कर दाखिला प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

**विक्रम सिंह**, प्राचार्य, आईटीआई, सोनीपत

### डीसीआरयूएसटी में 30 तक आवेदन

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में विद्यार्थी अब ऑन लाइन 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। 2 जुलाई को वेब साइट से परीक्षा देने वाले अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। 12 जुलाई को विश्वविद्यालय पहली फिजिकल काउंसलिंग करेगा। डीसीआरयूएसटी ने आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया है। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून थी। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 5, 6 व 7 जुलाई को किया जाएगा। 9 जुलाई को प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### पहली पसंद रही यह ट्रेड

| ट्रेड | आवेदन |
|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 609 |
| फिटर | 277 |
| रेफ्रिजरेशन एंड एसी | 235 |
| मैकेनिक (मोटर व्हीकल) | 234 |
| कोपा | 202 |
| वायरमैन | 201 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 143 |
| मैकेनिक डीजल | 141 |
| मशीनिष्ट | 107 |
| इलेक्ट्रिशियन ड्यूल | 101 |
| **इन ट्रेड्स की तरफ रुझान कम** | |
| प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर | 08 |
| मशिनिष्ट (ग्राइंडर) | 07 |
| ड्रेस मेकिंग | 06 |
| शीट मेटल वर्कर ड्यूल | 05 |
| लिथो ऑफसेट मशीन माइंडर | 05 |
| जियो इंफॉर्मेटिक्स असिस्टेंट | 03 |

# जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ किया एमओयू

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एक एमओयू समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसके तहत कालेज की तीन छात्राओं को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने अपने यहां इंटर्नशिप की अनुमति प्रदान की है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कालेज की इस नई उपलब्धि के साथ चयनित छात्राओं को बधाई दी है। जीवीएम के बीबीए विभाग के डीन डा. प्रवीण शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने समझौते के तहत कालेज को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपने द्वार खोल दिये हैं। समझौते के अंतर्गत इंटर्नशिप, शोधकार्य, औद्योगिक यात्रा, सेमिनार और कार्यशालाओं के आयोजन के लिए करार किया गया है। भारतीय विमानन अकादमी ने बीसीसीए एवं डीजीसीए के साथ संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत समझौता किया गया है। भविष्य में जीवीएम की छात्राओं को इसका अत्यधिक लाभ मिलेगा।

### संदिग्ध हालात में पुलिस जवान का बेटा लापता

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र से हरियाणा पुलिस विभाग में तैनात कर्मी के बेटे के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस कर्मी ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने की आशंका जताई है। जींद हाल में सरस्वती विहार पार्ट-2 निवासी राकेश ने बताया कि वह हरियाणा पुलिस में तैनात है। हालत में उसकी ड्यूटी जींद में चल रही है। उसका बेटा अनुज गत 18 जून को बिना किसी से कुछ बताएं घर से चला गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव।**

# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो



बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी

**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *





## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योगा गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्माकर किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।

-रंजीत, हिसार

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'

-दिव्यम, भोपाल

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।

-तनुजा, बेमेतरा

## कहानी
सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।



शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अकसर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अकसर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

## कविता
गोविंद भारद्वाज



### योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?



उत्तर-14

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1. कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2. कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।

3. कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4. किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौध को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र

## खबर संक्षेप

### लव मैरिज में मां-बाप की सहमति जरूरी हो: मदीना



**गोहाना।** गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मदीना ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट में स्थानीय परम्पराओं के अनुरूप बदलाव करके लव मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य की जाए। लिव इन रिलेशनशिप को समाप्त किया जाए। ने कहा कि माता-पिता बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं और लाड़ प्यार के साथ पालन-पोषण करते हैं। माता-पिता का बच्चों पर पूरा अधिकार होता है। कई बार देखा जाता है कि बच्चे अपने माता-पिता की मर्जी के खिलाफ लव मैरिज कर लेते हैं।

### संत हमारे समाज के पथ प्रदर्शक : इंदुराज



**गोहाना।** विधायक इन्दुराज ने कहा कि भारतवर्ष संतों की भूमि है। संत हमारे समाज के पथ प्रदर्शक हैं। वे गुरुवार को बाबा कर्मनाथ जी महाराज के 41 दिवसीय पंचधूनी तप के समापन पर उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। विधायक इंदुराज ने नवनिर्वाचित सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के साथ बरोदा हलके के गांव बरोदा में भंडारे में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। सांसद और विधायक ने बाबा मजलिश नाथ डेरा रभड़ा के संचालक बाबा चमननाथ व अन्य संत महात्माओं से आशीर्वाद ग्रहण किया।

### शहीद की याद में नर्सिंग स्टूडेंट्स को किया सम्मानित



**खरखौदा।** एक निजी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शहीद दलबीर सिंह की याद में नर्सिंग स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित किया गया। गरीब कल्याण संस्था से संबद्ध अश्वनी कौशिक ने मंच संचालन किया और शहीद दलबीर को याद किया। अध्यक्षता कैप्टन जगबीर मालिक ने की। शहीद दलबीर सिंह की वीरांगना मीनाक्षी ने दीप प्रज्वलित किया व पुष्पांजलि अर्पित की। समाज सेवी गजे सिंह एडवोकेट ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने प्रेरणादाई श्लोकों से सभी का मन जीत लिया।

## मुख्यमंत्री कल राज्यस्तरीय जयंती समारोह के मुख्यातिथि होंगे

# आपसी सहयोग से समारोह की तैयारियों को पूरा करें: एसडीएम

### एसडीएम ने समारोह स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

संत कबीर की जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह 22 जून को शहर में जींद रोड स्थित नई अनाज मंडी में आयोजित होगा। शुक्रवार को एसडीएम विवेक आर्य ने समारोह स्थल पर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी सहयोग के साथ व्यवस्थित रूप से समारोह की तैयारियों को पूरा करें। विवेक आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य स्तरीय जयंती समारोह के मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने समारोह में पहुंचने वाले लोगों के बैठने की व्यवस्थाओं, मुख्य स्टेज, सांस्कृतिक स्टेज, कार्यक्रम स्थान पर लगवाने वाली एलईडी स्क्रीन, कार्यक्रम स्थल पर पीने की पानी की व्यवस्था, शौचालयों की व्यवस्था, मीडिया गैलरी, लोगों की सुरक्षा तथा पार्किग व्यवस्थाओं सहित सभी व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बातचीत की। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह के आयोजन को लेकर जिस भी विभाग को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढ़िलाई न बरतें। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



गोहाना। समारोह स्थल का जायजा लेने के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते एसडीएम विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

### कबीर प्रतिमा का अनावरण 29 को

**खरखौदा।** संत कबीर समाज सेवा समिति की खरखौदा के तत्वावधान में 29 जून को संत कबीर जयंती मनाई जाएगी और कबीर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम शहर के मटिंडू बाईपास पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति प्रधान हीरालाल इंदौरा ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा, विशिष्ट अतिथि राई विधायक मोहनलाल बड़ौली व जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में देसी घी के भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

### कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

**सोनीपत।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत 22 जून को संत कबीर दास जयंती के उपलक्ष्य में गोहाना की नई अनाज मण्डी में राज्य स्तरीय कार्यकम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ ने गुरूवार को वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली और कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। वीसी के दौरान उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियों तेजी से पूरी की जा रही है।

# गुरु-शिष्यों ने किया योग का अभ्यास

- गीता विद्या मंदिर में महिला सशक्तिकरण थीम पर दूसरे दिन योगाभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा शहर में गुढ़ा रोड पर संचालित गीता विद्या मंदिर में दूसरे दिन गुरु और शिष्यों ने योग क्रियाओं का अभ्यास किया। महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित इस वार्षिक शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महेंद्र भारद्वाज एवं प्राचार्य अश्वनी कुमार ने दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग क्रियाओं का नियमित अभ्यास हमें अधिकतम समस्याओं से मुक्ति दिला देता है। शारीरिक व बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। शिविर में विद्यालय के आचार्य रवींद्र बत्रा ने यौगिक क्रियाएं करवाई। शिविर में गुरु और शिष्यों ने सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं के साथ ताड़ासन, मंडूकासन, शशांकासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।



गोहाना। योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते योग आचार्य। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। शिविर में पहले दिन योग का अभ्यास करवाते योग शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### योग से सकारात्मक ऊर्जा का संचार : सचिन

**गोहाना।** जेएलएन स्कूल गोहाना में गुरुवार को 7वां वार्षिक ग्रीष्मकालीन योग शिविर प्रारंभ हो गया। शिविर में एनएसएस वालेंटियर्स, शिक्षक और विद्यार्थियों सहित जनसामान्य योग क्रियाओं का अभ्यास करेंगे। योग शिविर के लिए मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहेगा। शिविर के शुभारंभ सत्र की संयुक्त अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। प्राचार्य ने बताया कि प्रतिवर्ष विद्यार्थियों एवं गोहाना के आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए यह 7वां योग शिविर है। नागरिक इस शिविर में भाग लेकर योग से अपने शरीर एवं बुद्धि को तंदुरुस्त कर सकते हैं। शिविर में प्रतिदिन योग कक्षाएं प्रातः 6:30 बजे से शुरू होंगी। प्राचार्य ने कहा कि योग से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। योग से शरीर में लचीलापन आता है और शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर चिराग जैन, यशपाल शर्मा, सुमित चहल, कुलदीप और मंजीत उपस्थित रहे।

### कार का शीशा तोड़ लैपटॉप व कागजात से भरा बैग चोरी

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ में कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप व कागजात से भरा बैग चोरी कर लिया। पीड़ित युवक कार खड़ी कर सामान खरीदने के लिए कार से कुछ दूर गए थे। वापस लौटे तो चोरी का पता लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मलिकपुर निवासी राम अवतार ने बताया कि वह अपनी कार लेकर दिल्ली गए थे। वीरवार को जब वह वापस लौट रहे थे तो बहालगढ़ आने के बाद उन्होंने कार को सडक किनारे खड़ा कर दिया। वह कार लॉक कर पास ही कुछ सामान लेने चले गए। जब वह वापस लौटे तो कार का शीशा टूटा था। उनकी कार के अंदर से बैग चोरी था। उनके बैग में लैपटॉप, पर्स, गाड़ी के कागजात, चाबी, ड्राइविंग लाइसेंस, डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड थे। उन्होंने आसपास पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उन्होंने मामले से बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी शिवओम ने बताया कि पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

## एचसीएस परीक्षा में पुरखास की शीतल गुलिया ने पाया 27वां रैंक

- शीतल गुलिया की सफलता से गांव में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर



गांव पुरखास की बेटी शीतल गुलिया ने एचसीएस परीक्षा में 27वां रैंक पाया है। शीतल गुलिया की सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। सामान्य परिवार से आने वाली शीतल ने अपनी योग्यता के आधार पर एचसीएस की परीक्षा को पास किया है। राजेश पहलवान पुरखासिया ने बताया कि उनके बड़े भाई राजबीर गुलिया पहलवान की बेटी शीतल गुलिया ने हरियाणा सिविल सर्विस में 27 वां रैंक हासिल कर समस्त पुरखास गांव व गन्नौर हल्के के साथ साथ परिवार का नाम रोशन किया। करोडीमल कालेज दिल्ली से शीतल ने ग्रेजुएशन की। उसके बाद उसने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की तैयारी करते हुए हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा दी और पास हो गई। भाई विशाल गुलिया, मां सरिता, पिता पहलवान राजबीर रेलवे के सीटीआई पद से रिटायर हैं। बेटी की उपलब्धि पर समस्त पुरखास गांव को गर्व है। बेटी ने गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। अब जल्द ही गांव की ओर से शीतल का सम्मान समारोह किया जाएगा।

## सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजना बनाई : आजाद

- नेहरा ने दातौली व बेगा में भाजपा की जीत पर ग्रामीणों का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने वीरवार को गांव दातौली, बेगा में कार्यकर्ताओं का संबोधित करते हुए दोनो गांवों से भाजपा प्रत्याशी की जीत पर आभार व्यक्त किया। नेहरा ने ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों में कोई दिक्कत ना आए इसके लिए भी आश्वस्त किया। ग्रामीणों ने भी आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को समर्थन देने का आश्वासन दिया। नेहरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हर वर्ग की पार्टी है। पार्टी हर वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजना बनाई है। जिसका परिणाम है कि आज प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है। इस अवसर पर भाजपा ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, मण्डल महामंत्री सुखबीर प्रजापति,सरपंच बंसी सुरेन्द्र शर्मा लखमीचंद नायक, रामलाल, राजकुमार जांगड़ा, हरबीर गीरि, संदीप शर्मा रामनिवास, प्रदीप कुमार, देवेन्द्र, महेन्द्र, सुभाष, रजनीश आदि मौजूद थे।



गन्नौर। आजाद सिंह नेहरा बेगा गांव में ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए।

## पौधरोपण-जरूरतमंदों को फल वितरित करके मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

बीएसटी के मैदान में समाजसेविका बबीता किल्सन ने अपनी पोती फियोना किल्सन का जन्म दिन पौधारोपण व गरीब बच्चों को फल वितरित करके जन्मदिन मनाया। बबीता किल्सन ने पौधरोपण के बाद अपने संदेश में कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। अगर इसी तरह से पेड़ों की कांई होती रही और हमने पौधे नही लगाए तो इससे भंयकर गर्मी व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नही, रोपण के बाद उनकी देखरेख का भी संकल्प लेना चाहिए। चाहे कम पौधे लगाओं लेकिन उनकी देखभाल पूरी करो, तभी जाकर हमारा अभियान सफल होता है। इसके बाद उन्होंने गरीब बच्चों को फल व मिठाईयां वितरित की। इस मौके पर एडवोकेट प्रशांत किल्सन, श्याम प्रकाश किल्सन आदि मौजूद थे।



पोती फियोना के साथ फल वितरित करते समाज सेविका बबीता किल्सन।

# परशुराम चौक के सौंदर्यीकरण की मांग

- सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति ने सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति गोहाना ने नगर परिषद से भगवान परशुराम चौक के सौंदर्यकरण की मांग की है। भगवान परशुराम चौक शहर में सोनीपत मोड पर स्थित है। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर समिति ने गुरुवार को नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी के प्रति राजू विरमानी को ज्ञापन सौंपा।

समिति के सदस्यों ने शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित ब्राह्मण भवन में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जय किशन शर्मा ने की। समिति के उपाध्यक्ष जस्सू थानेदार, सचिव शिवकुमार भावड और सह सचिव राजकुमार फौजी ने कहा कि भगवान परशुराम चौक के रख-रखाव के साथ-साथ इसका सौंदर्यकरण करवाया जाए। प्रवक्ता सुरेश कुमार, बलराम कौशिक, कुलदीप कौशिक, अजमेर, इंदर सिंह, कौरव, राजकुमार, सुरेश कुमार, प्रताप जौली, श्रीभगवान, जय भगवान, राजेंद्र छिछड़ाना, राजू गामड़ी और रामकरण रभड़ा मौजूद रहे।



नप चेयरपर्सन के पति राजू विरमानी को ज्ञापन सौंपते समिति के प्रतिनिधि।



गन्नौर। भंडारा का प्रसाद वितरित करते। फोटो : हरिभूमि

### त्रियोदशी पर लगाया भंडारा


**गन्नौर।** गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन द्वारा ज्येष्ठ माह की त्रियोदशी के अवसर पर रेलवे रोड पर भंडारा लगाया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लोगों को ठंडा शरबत भी वितरित किया गया। शेखरचंद जैन ने कहा कि हम ईश्वर से यह कामना करते है कि यह भंडारा हर वर्ष इससे भी धूमधाम से हो सके। भंडारे वितरण में गौरव जैन, वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन, अजय मित्तल, पवन जैन, सुनील जैन, अनिल चौहान, सुरेश चौहान, नरेश मित्तल, दयानंद हसीजा आदि ने भी सहयोग किया।

# घसौली रोड पर दौड़ रही 9 वर्षीय बच्ची को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

### चालक मौके से फरार, बाइक यूपी नंबर से रजिस्टर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

घसौली रोड पर दौड़ रही 9 वर्षीय बच्ची को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्ची सड़क पर गिर कर घायल हो गई। स्वजन ने घायल बच्ची को गन्नौर उपमंडल अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया। रोहतक पीजीआई के चिकित्सों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मृतक राखी उर्फ गुंजन के पिता ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। शिकायत में बेगा निवासी जयपाल ने बताया कि 19 जून को वह अपनी बेटी राखी उर्फ गुंजन को घसौली रोड पर घुमाने ले गया था। राखी आगे दौड़ लगा रही थी। इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बेटी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। उसने बाइक का नंबर नोट कर लिया। बाइक यूपी नंबर से रजिस्टर्ड है। गन्नौर थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही बाइक चालक का पता लगा कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## भाविप अध्यक्ष व बहालगढ़ स्टील उद्योग एमडी ने किया शुभारंभ

# 140 युवाओं ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

भारत विकास परिषद व बहालगढ़ स्टील उद्योग बहालगढ़ के सहयोग से जे के लक्ष्मी सीमेंट के फाउंडर स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 140 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। कार्यक्रम में रक्तदान के लिए पहुंचने पर जे के लक्ष्मी सीमेंट के सेल्स अधिकारी दीपक कुमार, बहालगढ़ स्टील उद्योग के एमडी सोनू गोयल, कौशिक सीमेंट गन्नौर से विनित कौशिक व भारत विकास परिषद से शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक, भाविप प्रदेश पदाधिकारी एवं कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक, सचिव अंकित, महिला संयोजिका मनीषा जैन, उपाध्यक्ष सेवा संदीप सिंघल, उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक आदि रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए हैलमेट व गिफ्ट भेंट किए। शिविर की व्यवस्था में लायन्स क्लब के चिकित्सकों की टीम ने सहयोग किया।



गन्नौर। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते एमडी सोनू गोयल, कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक व परिषद अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सेवा प्रमुख राजीव गुप्ता, काजल सिंघल, आभा गर्ग, कृष्ण जिंदल, तरूण प्रताप त्यागी, शकुंतला कौशिक, आरती शर्मा आदि ने शिविर की व्यवस्था संभाली। बहालगढ़ स्टील उद्योग के एमडी सोनू गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्मी सीमेंट के फाऊंडर स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की जयन्ती को रक्तदान शिविरि के रूप में मनाकर सराहनीय कार्य किया है। रक्तदान महादान है। रक्त किसी भी दुर्घटना में घायल का जीवन बचाने में काम आता है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। शिविर में हिमांशु कौशिक, आदित्य तुषार, सचिन हुड्डा, अनिल पांचाल आदि ने रक्तदान कर शिविर के आयोजकों की सराहना की।

## योग हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों की देन : पंकज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी पंकज जैन ने गुरुवार को कहा कि योग कोई नया विषय नहीं है। यह हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों की देन है। उनके अनुसार योग को घर-घर पहुंचाने का श्रेय योग गुरु बाबा रामदेव को है। वह अपनी समिति और भारत विकास परिषद की गोहाना इकाई द्वारा बाल भारती विद्यापीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के सत्र का मार्गदर्शन कर रहे थे।

योग प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता पंकज जैन के साथ गोहाना भाविप के अध्यक्ष एडवोकेट ललित गोयल ने की। संयोजन भाविप के इकाई सचिव प्रमोद गुप्ता और पतंजलि योग समिति के सदस्य विकास चौहान ने किया। मंच संचालन योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने किया। शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ. नरेश मलिक, विजय चौहान और जगमति देवी ने योग साधकों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। गोहाना भाविप के अध्यक्ष एडवोकेट ललित गोयल ने कहा कि अपनी अनियमित दिनचर्या और विषैले भोजन से आज का इंसान खुद ही बीमारियों को न्यौता दे रहा है।

**ग्राम पंचायत महलाना**
**खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**मो. 9416260231, 7988628513**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महलाना की बाबला पाना की जनरल चौपाल में दिनांक 24.06.2024 समय सुबह 10 बजे 20 सफेदों के पेड़ों की बोली की जाएगी।

नियम शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत
महलाना (सोनीपत)

**खबर संक्षेप**

## बैंक कर्मी के घर से हजारों की नकदी व सामान चोरी

**सोनीपत।** कुंडली गांव में घर से हजारों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव कुंडली निवासी सुरज कुमार ने बताया कि वह दिल्ली में स्थित बैंक में नौकरी करता है। गत 19 जून को रात करीब 11 बजे अपने बच्चों के साथ एसी वाले कमरे में जाकर सो गया। सुबह छह बजे उसने उठकर देखा तो अलमारी से दो बैग चोरी हुए मिले। सामान की जांच की तो एक बैग में जमीन की रजिस्टरी व दूसरे बैग में कार्यालय के फार्म, कस्टमर के भरे हुए चेक, बायोमेट्रिक डिवाइस, लैपटॉप, व पांच हजार रुपये की राशि गायब मिली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

## टायर बदलते समय कार से बैग चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली थाना क्षेत्र में गाड़ी का टायर बदलते समय कार से बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित कार चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार चालक कुंडली से गन्नौर के लिए निकला था। रास्ते में गाड़ी में पंचर हो गया। चोरों ने उसी दौरान वारदात को अंजाम दिया।

अशोक नगर सुनार वाली गली निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह कुंडली प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। गत 19 जून को वह अपनी कार में कुंडली से गन्नौर जा रहा था। हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो उसकी कार में पंचर हो गया। वह कार का टायर बदलने लगा। उसी दौरान उसकी गाड़ी में रखे दो बैग चोरी हो गए।

### बीती रात अचानक मौसम में हुआ बदलाव, पारा गिरने से मिली राहत

# आंधी के साथ बूंदाबांदी : गर्मी में राहत, बिजली की आंख-मिचौली

**आंधी के चलते गोहाना में चार फीडरों पर पेड़ गिरे, शहर में कई कॉलोनियों में बिजली रही गुल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



बारिश व आंधी के बीच गुजरते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

बुधवार रात आई आंधी लोगों के लिये परेशानी का सबब बन गई। आंधी की वजह से जिले के अधिकतर जगहों पर बिजली ने खूब आंख-मिचौली खेली। आंधी के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। बूंदाबांदी ने लोगों को गर्मी से राहत दी, लेकिन आंधी की वजह से बिजली प्रभावित रही। गोहाना क्षेत्र में चार फीडरों पर पेड़ गिर गए। सूचना के बाद मौके पर कर्मचारियों ने पहुंचकर लाइनों को दुरुस्त करने का प्रयास किया। लोगों को देर रात तक परेशान होना पड़ा। बुधवार रात करीब 10 बजे अचानक मौसम में बदलाव हो गया। जिसके बाद तेज हवा चलने लगी। जिससे शहर के कई इलाकों में देर रात तक बिजली गुल रही। फाल्ट सुधारने के लिए बिजली कर्मी दौड़ लगाते रहे। आंधी के चलते शहर के जीवन नगर, ओल्ड डीसी रोड, कच्चे क्वार्टर, सेक्टर-14, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अशोक विहार, पटेल नगर समेत कई क्षेत्र में बिजली गुल रही। जिसकी वजह से शहर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली गुल होने के कारण लोगों को परेशानी हुई। सबसे ज्यादा नुकसान गोहाना क्षेत्र के फीडरों को पहुंचा। वहां पर आंधी के चलते बिजली के तारों पर पेड़ गिर गए थे। गांव बुटाना के पास, शामड़ी, सिरसाढ व रामगढ़ फीडर की लाइन पर पेड़ गिरने से क्षेत्र में बिजली गुल रही। पेड़ों के तारों पर गिरने के कारण बिजली निगम को भी काफी नुकसान पहुंचा है। बिजली निगम ने लाइनों को ठीक कराकर कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सुचारू करवा दी। वहीं ढुराना, मुंडलाना, गुढा समेत कई क्षेत्रों में सुबह तक बिजली न होने की वजह से घरेलू कामों में बाधा आई। पानी की दिक्कत के साथ ही पशुओं का चारा काटने और अन्य रोजमर्रा के काम प्रभावित रहे।

### राई में सुबह साढ़े पांच बजे तक गुल रही बिजली

तार टूटने के कारण राई में सुबह साढ़े पांच बजे तक गुल रही बिजली आंधी की वजह से 11केवी राई फीडर का तार टूट गया था। बिजली गुल होने की वजह से गांव राई के लोगों को परेशानी हुई। इसके बाद उन्होंने फोन पर अधिकारियों को बिजली बाधित होने की जानकारी दी। इसके बाद कर्मचारियों ने फीडर की लाइन को जोड़ने के लिए रात भर लगे रहे। वीरवार सुबह साढ़े पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने पर लोगों को राहत मिल सकी। इसके अलावा राई औद्योगिक क्षेत्र, बीसवां मील, पबसरा, मनौली, अकबरपुर बारोटा समेत आसपास के गांवों में आंधी की वजह से बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी।

### आंधी की वजह से हुई समस्या

आंधी की वजह से जिले के विभिन्न क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। सूचना मिलने के बाद रातभर कर्मचारी लाइनों को ठीक करने में जुटे रहे। वीरवार सुबह तक सभी लाइनों को दुरुस्त कर लिया गया था।
**गीतूराम तंवर, अधीक्षण अभियंता, बिजली वितरण निगम, सोनीपत**

# चार राजकीय महाविद्यालयों में नए पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी

- सोनीपत में तीन और खरखौदा में दो और मुरथल में 1 नया पाठ्यक्रम होगा शुरू
- गोहाना के बड़ौता स्थित महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम में बढ़ाई सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के चार राजकीय महाविद्यालयों में उच्चतर शिक्षा विभाग ने नए पाठ्यक्रमों शुरू करने की मंजूरी दी है। इसमें सोनीपत में तीन नए पाठ्यक्रम, खरखौदा में दो और मुरथल स्थित महाविद्यालय में एक नया पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। वहीं गोहाना के बड़ौता स्थित महाविद्यालय में सीटें बढ़ाने के साथ ही नया विषय शुरू करने को हरी झंडी दे दी है। जिसका विद्यार्थियों को फायदा मिल सकेगा।

जिले के राजकीय महाविद्यालयों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। सभी महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के तहत ही दाखिले होने हैं। कुछ महाविद्यालयों के प्रबंधन ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय से नए पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग थी, ताकि विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करने के लिए बाहर ना जाना पड़े। उच्चर शिक्षा निदेशाल ने महाविद्यालय प्रबंधन की मांग को पूरा करते हुए अपनी मंजूरी प्रदान की है।

### बड़ौता में बीए की बढ़ाई 80 सीटें, मिला नया विषय

प्राचार्य सुरेश लाठर ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में अब तक 240 सीटें थी। नए शैक्षणिक सत्र से 80 सीटें बढ़ाई जा रही हैं। इसके साथ ही उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालय की मांग को पूरा करते हुए स्नातक पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विषय शुरू करने की मंजूरी प्रदान कर दी है। कॉलेज में आने वाले विद्यार्थी अब शारीरिक शिक्षा विषय का भी चयन कर सकेंगे।

### इन कॉलेजों में शुरू होंगे नए पाठ्यक्रम

| कॉलेज | पाठ्यक्रम | सीट |
|---|---|---|
| राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा | एमए इतिहास | 40 |
| राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा | एमए मनोविज्ञान | 40 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत | एमए अंग्रेजी | 40 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत | एम.कॉम | 40 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत | एमएससी भूगोल | 40 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल | पीजीडीसीए | 40 |

## रोहन मलिक होंगे विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



- कुरुक्षेत्र में आयोजित चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में हुई घोषणा

सोनीपत जिले के रोहन मलिक को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सोनीपत विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया। सोनीपत विभाग में तीन जिले आते हैं सोनीपत, पानीपत, करनाल। कुरुक्षेत्र में चल रहे चार दिवसीय अभ्यास वर्ग के दौरान उनकी घोषणा की गई। विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक मलिक ने बताया कि 14 जून से आरंभ होकर अभ्यास वर्ग 17 जून को समाप्त हुआ जिसमें 200 से ज्यादा प्रांत के सभी जिलों से आए कार्यकताअरं का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें विद्यार्थी परिषद की कार्य, नीति, कार्यपद्धति आदि के बारे में नए कार्यकताअरं को बताया एवं उनका प्रशिक्षण किया। प्रांत अभ्यास वर्ग में विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिकारी, उत्तर क्षेत्रीय अधिकारी, एवं अखिल भारतीय अधिकारी भी मौजूद रहे। अभ्यास वर्ग के आखिरी दिन प्रांत अध्यक्ष सुशील कुमार ने पूरे प्रांत के विभिन्न घोषणाएं की जिसमें रोहन मलिक को सोनीपत विभाग संयोजक का दायित्व दिया गया।

## अलग-अलग गांव से दो व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**खरखौदा।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से एक व्यक्ति व एक नाबालिक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। सोहटी गांव के जगबीर ने बताया कि उसका बड़ा भाई कर्मवीर 17 जून को बिना बताए कहीं चला गया है। उसे शक है कि उसके भाई को किसी व्यक्ति ने अपने फायदे के लिए छुपाया हुआ है। वहीं सैदपुर गांव से एक 13 वर्षीय नाबालिग 18 जून से गायब है। बच्चे के पिता नेपाल सिंह ने बताया कि जब वह व उसकी पत्नी फैक्ट्री से काम से घर लौटे तो उनका पुत्र हेमंत घर पर नहीं था। उन्हें शक है कि उनके पुत्र का किसी ने अपहरण किया है। पुलिस में दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्टंट कर रहे युवक को टोकना युवक को पड़ा भारी

- पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपित पर किया मुकदमा दर्ज
- पीड़ित ने पुलिस से जल्द जांच कर कार्रवाई की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कार सवार युवक ने उसके आगे सड़क मार्ग पर बाइक से स्टंट करने को लेकर टोकना मंहगा पड़ गया। युवकों ने कार चालक पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित बाइक सवारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव दीपालपुर निवासी दिनेश कौशिक ने बताया कि वह शुगर मिल में अनुबंध पर नौकरी करता है। दिल्ली के किशनगंज में रहे उनके भतीजे अंकुश बीमार है। वह बुधवार दोपहर को को उनका हालचाल जानने के लिए दिल्ली गए थे। उनसे मिलकर जब वह वापस गांव लौट रहे थे तो कुंडली बॉर्डर के पास से दो बाइक सवार उनके आगे चलने लगे। दोनों बाइक पर दो-दो युवक सवार थे। वह अपनी बाइकों को स्टंटबाजी करते हुए लापरवाही से चला रहे थे। वह अक्सर स्टंट करते हुए उनकी कार की आगे आ जाते थे। जिससे उन्हें कार रोकनी पड़ती थी। जिसके चलते उनके पीछे चल रहे वाहन चालक भी परेशान हो रहे थे। जब वह कार लेकर बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो उन्होंने कार को रोककर बाइक सवार युवकों को सही तरीके से चलने को कहा। इस पर बाइक सवार उनके साथ गाली गलौज करने लगे। दूसरी बाइक पर सवार उनके साथी भी आ गए। उन्होंने उनके साथ मारपीट कर दी। वह बचकर भागने लगे तो उन्होंने पकड़ लिया। उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। स्कूटी पर उनके दो अन्य साथी भी आ गए। वह आते ही उन्हें पीटने लगे। उसके बाद भीड़ जुटने ने लगी तो आरोपित धमकी देकर भाग गए। उन्होंने उनकी कार को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने अस्पताल में उपचार कराया और मामले से बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत कराया।

### मामले में की जा रही है जांच

जांच अधिकारी एचसी शिवओम ने बताया कि पीड़ित के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# दूषित पेयजल सप्लाई होने पर लोगों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में दूषित पेयजल सप्लाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पटेल नगर कालोनी में पिछले कई दिनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इससे लोगों को बीमार होने की परेशानी सता रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। पटेल नगर के सचिन अत्री, बिजेंद्र कुमार, रामफल, मनजीत, मोहित व राजेश ने बताया कि बताया कि पटेल नगर 33 फुटा रोड के साथ लगती गलियों में पिछले कई दिनों को दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। सप्लाई किए गए पानी में मिट्टी के साथ-साथ केमिकल की दुर्गंध आती है। इस पानी को नहाने-धोने के लिए भी काम में मुश्किल है, पेयजल के बंदोबस्त के लिए रोजना मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। उन्होंने इसकी शिकायत विधायक से की तो विभाग का एक कर्मी भी मौके पर पहुंचा, लेकिन समस्या ज्ञ्यों की त्यों है। उन्होंने विभाग के आनलाइन पोर्टल व एक्सईएन को भी दे रखी है। वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। विभाग के अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। दूषित पानी पीने तो दूर की बात है इसमें नहाया भी नहीं जा सकता है। उन्हें पड़ोस में लगे सबमर्सिबल पंप से पानी भर कर लाना पड़ रहा है।

### जनस्वास्थ्य विभाग से लेंगे जानकारी

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत अभी तक उनके पास नहीं पहुंची है, लेकिन कहीं दूषित पानी की सप्लाई हो रही है तो इसे ठीक करवाना जनस्वास्थ्य विभाग की जिम्मदारी है। वह विभाग के अधिकारियों को समस्या का हल करने के आदेश देंगे।

# दो और नेत्रदान करवाए आंकड़ा 2705 पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दृष्टि सेवा समिति द्वारा दो और लोगों के मरणोपरांत नेत्रदान करवाए हैं। जिसके बाद समित द्वारा नेत्रदान करवाने का आंकड़ा 2705 तक पहुंच गया है। संस्था के प्रधान डीके जैन ने बताया कि समिति द्वारा गन्नौर, गोहाना व आसपास के क्षेत्र में नेत्रदान करवाए जा रहे हैं। जिसमें डा. श्राफ आई बैंक, डा. रमेश नारंग एवं डा. नरेंद्र भुटानी सहयोग कर रहे हैं। महासचिव नरेंद्र भुटानी ने बताया कि इस मिशन में ओपी झाम्ब, सुरेश रेलन, हरीश जौहर, मुकेश खुराना, राजेश जैन, हरिचंद स्नेह, डा. हरभगवान रहेजा का भी सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में संतोष मदान, मुकेश जुनेजा का वीरवार को नेत्रदान करवाया गया है। जिसमें शशीकरण नासा, दयालचंद की प्रेरणा रही। सरपरस्त डा. हरभगवान दास अरोड़ा ने बताया कि लोगों में अब जागरूकता बढ़ रही है। इसी वजह से समिति द्वारा नेत्रदान का आंकड़ा 2700 के पार पहुंच गया है।

# चोरी की नीयत से रात को छत कूदकर घर में घुसा युवक, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रात को घर की छत से कूदकर घर में चोरी की नीयत से घुसे मुंह पर कपड़ा बांधे युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस को दी शिकायत में खिजरपुर अहीर गांव निवासी सुमित ने बताया कि हम दो भाई व एक बहन है। मेरी मां की तबीयत खराब होने की वजह से मेरे मामा के घर इलाज के लिए मेरी मां गांव झुण्डपुर में गई हुई थी। घर पर हम दोनों भाई सो रहे थे तो रात को गली में कुतों के भैकने की आवाज सुनाई दी। आवाज इस तरह से थी कि गली में कोई अज्ञात युवक आया है। हमने उठकर अपने घर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को देखा की अज्ञात नौजवान लड़का मुँह पर सफेद कपड़े से डाठामार कर हमारे घर के अंदर छत के रास्ते से चोरी करने की नियत से घुसा। रात को ही दोनों भाई देखकर उसको पकड़ने के लिए उसके पीछे भागे तो अज्ञात चोर छत के रास्ते से कूदकर भाग गया। शिकायत में बताया कि सारी घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। शिकायत में बताया कि इससे पहले भी किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात के समय मेरे घर के अन्दर घुसकर हमारी बुलेट बाईक को जला दिया था, जिस टाईम यह चोर हमारे घर में दरवाजे के बाहर खड़ा था उसी टाईम उसके फोन की घंटी बजी थी। शिकायत में अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा में विधायक समेत 5 उम्मीदवार कर रहे हैं तैयारी, कांग्रेस से 10 उम्मीदवार मैदान में, बदलने लगी सियासत

# गन्नौर में 21 ठोंक रहे ताल, टिकट के लिए हो रहे तैयार, लगा रहे दौड़

**गन्नौर हलके ने लोस में दिया था भाजपा का साथ, विस में क्या रहेगी स्थिति**

विनोद राठी ▶▶| गन्नौर




गन्नौर (संकेतात्मक फोटो)

लोकसभा चुनाव होने के बाद भले ही नवनियुक्त सांसदों ने अभी तक धन्यवादी दौरे व पराजित उम्मीदवारों ने बैठक व सभा करके मतदाताओं का आभार नही जताने का समय लगा है लेकिन लोकसभा चुनाव के समाप्त होते ही भाजपा, कांग्रेस समेत इनेलो,जजपा, आप विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। भाजपा में विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत बड़े. नेताओं के शामिल होने का सिलसिला व कांग्रेस में कार्यकर्ता सम्मेलन करके विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूती देने का काम किया जा रहा है। भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को प्रभारी भी बना दिया गया है। गन्नौर विधानसभा में भाजपा के पास लोकसभा चुनावों में बूथ से लेकर मंडलध्यक्ष, जिलाध्यक्ष नियुक्त है, वहीं कांग्रेस में हलकाध्यक्ष तक नियुक्त नही किया गया है। दूसरी ओर इनेलो और जजपा व आप को विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी नेताओं के आदेश का इंजतार है कि विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पार्टी की तरफ कार्य करने का आदेश मिलेगा। भाजपा व कांग्रेस में खुद को कैंडीडेट के तौर पर प्रोजेक्ट करने में जुटे हुए हैं। वे गांवों में जाकर मतदाताओं को अपने आप को सबसे मजबूत टिकट का दावेदार बता रहे है। गन्नौर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो गन्नौर विस में 5 नेता खुद को विधानसभा का प्रत्याशी साबित करने के लिये दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस में भी टिकट के दावेदारों की लंबी लाईन है। कांग्रेस में 10 मेहनत कर रहे है।

### गन्नौर विधानसभा में खुद को टिकट का दावेदार प्रोजेक्ट करने में जुटे

विधायक निर्मल चौधरी, मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेन्द्र कादियान, आजाद सिंह नेहरा, निशांत छौक्कर गन्नौर से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। चर्चा ये भी है कि पूर्व सांसद रमेश कौशिक के भाई देवेन्द्र कौशिक भी गन्नौर या राई हलके से भाजपा की टिकट की दौड़ में हो सकते है। बाकि दो दावेदारों में पार्टी 2009 में भाजपा नेता आजाद नेहरा को पहले भी विधानसभा का चुनाव लड़वा चुकी है। उसके बाद से वे पार्टी में विभिन्न पद पर रहते हुए कार्य कर रहे है। दूसरे युवा नेता निशांत छौक्कर के पिता को भाजपा ने 2004 में गन्नौर से विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारा था। कुल मिलाकर गन्नौर में भाजपा से 5 नेता चुनावों की तैयारी में लगे है।

### कांग्रेस में उम्मीदवारों की है सबसे लंबी लाइन

हलके में कांग्रेस पार्टी की टिकट के लिए लंबी लाईन लगी हुई है। सबसे ज्यादा प्रत्याशी कांग्रेस के मैदान में है। कांग्रेस के उम्मीदवारों में पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा का नाम गिना जाता है। लेकिन पिछल्ले दिनों से कुलदीप शर्मा के भाजपा में जाने की चर्चा, करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के कार्यक्रम में शामिल नही हो पाने को लेकर दावेदारों की संख्या की लंबी लाईन बढ़ गई है। अब टिकट के दावेदारों की नजर इस पर भी है कि आज सोनीपत में होने वाले कार्यक्रम में कुलदीप शर्मा शामिल होंगे या नही। पूर्व सांसद जितेन्द्र मलिक द्वारा कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी की जमकर मदद करने के बाद से जितेन्द्र मलिक का भी नाम लिया जा रहा है। हालांकि वे अब तक कांग्रेस में शामिल नही हुए है। इसके अलावा कांग्रेस में राजेश पहलवान पुरखासियां, सुरेश त्यागी धतुरी, रणधीर मलिक पिपली खेड़ा, पूर्व जिला पार्षद राकेश फौगाट कैलाना, पूर्व चेयरमैन कमलेश पांचाल, कांग्रेस नेत्री संतोष गुलिया, विरेन्द्र प्रजापत, भगवतदयाल कौशिक सहित 10 नेता मैदान में है।

### आप में 3, जजपा के 2 और इनेलो में 1 उम्मीदवार

आम आदमी पार्टी में चुनाव के लिए सरोज बाला राठी, पूर्व चेयरमैन महेन्द्र छिक्कारा, रणबीर छिक्कारा सहित 3 नेता चुनाव मैदान में है। पार्टी के कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता रहती है। पार्टी में सक्रियता को देखते हुए इनेलो में पूर्व में पार्टी प्रत्याशी रहे बिजेन्द्र शेखपुरा ही दावेदार है। जजपा में पूर्व हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी व जजपा नेता सियान्नद त्यागी सहित 2 नेता मैदान में है।

### ये रहा है इतिहास

| वर्ष | विजेता | निकटतम प्रतिद्वंद्वी |
|---|---|---|
| 1967 | राजेंद्र सिंह (कांग्रेस) | चिरंजी लाल (आजाद) |
| 1968 | राजेंद्र सिंह (वि.ह.पा.) | प्रताप सिंह (कांग्रेस) |
| 1972 | प्रताप सिंह (आजाद) | राजेन्द्र सिंह (कांग्रेस) |
| 1977 | शांति देवी (जनता पार्टी) | राजेन्द्र सिंह (विहिप) |
| 1982 | राजेन्द्र सिंह (आजाद) | चन्द्रसिंह (लोकदल) |
| 1987 | वेद सिंह (लोकदल ) | राजेन्द्र सिंह (आजाद) |
| 1991 | शांति देवी (कांग्रेस) | वेद सिंह (हविपा) |
| 1996 | रमेश कौशिक (हविपा) | वेद सिंह (समता) |
| 2000 | जितेन्द्र सिंह मलिक(कांग्रेस) | वेद सिंह (इनेला) |
| 2005 | जितेन्द्र सिंह (कांग्रेस ) | निर्मल रानी (निर्दलीय) |
| 2009 | कुलदीप शर्मा (कांग्रेस) | कृष्ण गोपाल त्यागी (इनेलो) |
| 2014 | कुलदीप शर्मा (कांग्रेस) | निर्मल रानी (इनेलो ) |
| 2019 | निर्मल रानी (भाजपा) | कुलदीप शर्मा (कांग्रेस) |

नोट : 2014 से पहले गन्नौर हलका कैलाना नाम से जाना जाता था।

### लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिली थी लीड

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में गन्नौर से भाजपा ने कांग्रेस 1708 मतों से पराजित किया। गन्नौर विधानसभा में भाजपा को 1708 मतों की लीड मिली थी। गन्नौर विधानसमा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली को 60012 वोट व कांग्रेस के सतपाल ब्रहमचारी को 58304 वोट मिले थे। लोकसभा चुनावों में मिली 1708 मतों की लीड को देखते हुए भाजपा के भावी उम्मीदवारों में उत्साह है।

### 2019 के चुनाव में 10280 वोट से भाजपा से निर्मल चौधरी जीती

गनौर विधानसभा चुनाव परिणाम (2019) निर्मल चौधरी भाजपा को 57830 मत मिलने के बाद 10,280 के मार्जन से जीत हासिल की थी। दूसरे नम्बर पर कुलदीप शर्मा कांग्रेस के दूसरे स्थान पर 47,550 वोट मिले थे। जजपा प्रत्यशी रणधीर मलिक को 6518 वोट मिले थे। बीएसपी प्रत्याशी जितेन्द्र को 4377 व जजपा से प्रत्यशी बिजेन्द्र शेखपुरा को 1480 वोट, आम आदमी पार्टी से सरोजबाला को 434 वोट मिले थे।